# अज्ञात वाहन ने बाइक को मारी टक्कर, महिला की मौत

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 23 अगस्त।** बानमोर से ग्वालियर आ रहे एक बाइक सवार को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक पर पीछे बैठी महिला की मौके पर ही मौत हो गई है, जबकि बाइक सवार युवक गंभीर अवस्था में घायल है। घायल को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। युवक की हालत नाजुक बनी हुई है। वहीं टक्कर मारने वाले वाहन मौके से फरार हो गया है। पुलिस ने मामला कायम कर फरार वाहन की तलाश शुरू कर दी है, वाहन का सुराग लगाने के लिए पुलिस सीसीटीवी खंगाल रही हैं।

बामोर से रघुराज सिंह गुर्जर निवासी मुरैना सुरेखा पत्नी राजेंद्र किरार के साथ रात के समय बाइक से ग्वालियर आ रहे थे। पुरानी छावनी बायपास रोड पर बंटी ढ़ाबा के पास जैसे ही बाइक सवार पहुंचे तभी पीछे से आ रहे अज्ञात वाहन ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से बाइक सवार दोनों महिला पुरूष उछल कर दूर जा गिरे जिससे दोनों के सिर में गंभीर चोटें आई हैं। इस हादसे में रघुराज सिंह गुर्जर गंभीर रूप से घायल हो गए जबकि महिला सुरेखा पत्नी राजेंद्र किरार की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को उपचार के लिए अस्पताल में पहुंचाया। जबकि मृतका शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अज्ञात वाहन की तलाश ताश में पुलिस आसपास के सीसीटीव्ही कैमरे खंगाल रही है।

घायल रघुराज के सिर में गंभीर चोट लगने से वह मौके पर ही बेसुध हो गए। अस्पताल में लगातार उपचार दिए जाने के बाद भी करीब 22 घंटे से वह बेसुध बने हुए है।

**महिला के पति की हो चुकी है मौत–** पुलिस जांच में पता चला है कि हादसे में जान गवांने वाली महिला सुरेखा के पति की मौत पूर्व में हो चुकी है। मृतिका के दो बच्चे हैं, जो कि बाहर रहते हैं।

## नाबालिग का हाथ पकड़ा, दी जान से मारने की धमकी

ग्वालियर। दो बदमाशों ने एक नाबालिग का हाथ पकड़कर उसके साथ छेड़छाड़ कर जान से मारने की धमकी दे दी। बदमाशों ने दूसरी बार फिर ऐसा किया तो नाबालिग अपने परिजनों के साथ थाने में जाकर खड़ी हो गई और घटना की जानकारी पुलिस को दी। बदमाशों की इस करतूत पर उन्हें सबक सिखाने के लिए पुलिस ने तत्काल मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरु कर दी है। बृजविहार कॉलोनी नई सड़क पर दो बदमाश छोटू उर्फ फैजल खान तथा दीपक जाटव एक नाबालिग किशोरी का आए दिन परेशान कर रहे थे। शुक्रवार रात को तो फैजल तथा दीपक ने नाबालिग का हाथ पकड़ लिया और उसके साथ जबर्दस्ती करने की कोशिश की। नाबालिग ने शोर मचाया तो आरोपी वहां से भाग गए। कुछ देर बाद आरोपी फैजल खान तथा दीपक जाटव फिर नाबालिग के घर पहुंच गए और उसके साथ अभद्रता करने लगे। कॉलोनीवाली एकत्रित हुए तो आरोपी दीपक तथा फैजल खान ने धमकी दे दी कि अगर मामला पुलिस तक पहुंचा तो फिर वह जान से मार देंगे।

## दो तस्करों से 40 हजार का अवैध गांजा जप्त

ग्वालियर– पुलिस अधीक्षक ग्वालियर धर्मवीर सिंह के निर्देश पर ग्वालियर जिले में अवैध मादक पदार्थो की खरीद–फरोख्त करने वालों के विरूद्व प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। सभी थाना प्रभारियों को अपने–अपने थाना क्षेत्र में भ्रमण कर अवैध मादक पदार्थो का व्यापार करने वालों के खिलाफ कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुक्रम में एसडीओपी डबरा सौरभ कुमार के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी डबरा सिटी यशवंत गोयल के द्वारा थाना बल की टीम को थाना क्षेत्र में अवैध मादक पदार्थो का व्यापार करने वालों के खिलाफ कार्यवाही करने के लिए लगाया गया। पुलिस टीम को थाना क्षेत्र में भ्रमण के दौरान पिछोर पुल के पास सर्विस रोड़ पर दो संदिग्ध लड़के एक टीवीएस स्पोर्ट मोटर साइकिल क्रमांक एमपी–07–एन.क्यू–7893 पर एक पीले कलर के थैले में कुछ पकड़े हुये दिखे, जिन्होने पुलिस टीम को अपनी ओर आता देखकर भागने का प्रयास किया, परन्तु पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर दोनों संदिग्धों को पकड़ लिया गया। पकड़े गये दोनों संदिग्धों से नाम व पता पूछने पर पहले ने अपना नाम देव राणा पुत्र स्व. गिर्राज राणा उम्र 21 साल निवासी ग्राम सोसा थाना उटीला व दूसरे ने आनंद पिता चंद्रप्रकाश कडेरे उम्र 26 साल निवासी बुजुर्ग रोड लक्ष्मी कॉलोनी डबरा जिला ग्वालियर का होना बताया। पकड़े गये दोनों लड़कों के पास से मिले थैले को खोलकर चेक किया तो उसमें अवैध मादक पदार्थ गांजा रखा हुआ मिला, जिसकी तौल कराने पर उसका बजन कुल 03 किलो 68 ग्राम कीमती लगभग 40,000/– रुपये का होना पाया गया। पकड़े गये दोनों आरोपियों का यह कृत्य धारा 08/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत दण्डनीय होने से उनके पास से मिला 03 किलो 68 ग्राम अवैध गांजा व टीवीएस स्पोर्ट मोटर साइकिल क्रमांक एमपी–07–एन.क्यू–7893 को विधिवत जप्त किया गया। पकड़े गये दोनों आरोपियों के खिलाफ थाना डबरा सिटी में अपराध क्रमांक 532/25 धारा 08/20 एनडीपीएस एक्ट का प्रकरण पंजीबद्ध कर लिया है.



# विधायक डॉ. सिकरवार ने दूसरे दिन वार्ड 60 के सिंधिया नगर में सफाई अभियान चलाया

नवभारत न्यूज


**ग्वालियर, 23 अगस्त.** ग्वालियर पूर्व विधानसभा क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 60 के सिंधिया नगर सरकारी मल्टी में लगातार दूसरे दिन विधायक डॉ. सतीश सिकरवार के नेतृत्व में सफाई अभियान जारी रखा गया। सफाई कार्य के साथ खराब पडी सड़कों को साफ कराकर पेच रिपेयरिंग कार्य भी किया गया। आज दूसरे

**सड़कों से मिट्टी साफ कराई गई और फिर पेच रिपेयरिंग कार्य कराया**

दिन भी विधायक डॉ. सिकरवार के साथ क्षेत्रीय पार्षद केदार बरहादिया, निगम अधिकारी, कर्मचारी, जे.सी.बी. टेक्टर, सीवर सफाई मशीन, विद्युत कर्मचारियों एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ सिंधिया नगर की सरकारी मल्टी में एकत्रित हुये और सफाई कार्य शुरू किया गया। इसके साथ ही स्ट्रीट लाइट भी सही कराई गई ।

# ब्रेन ट्यूमर, कैंसर का इलाज अब नई तकनीकों से हुआ आसान

नवभारत न्यूज



**ग्वालियर, 23 अगस्त.** ब्रेन ट्यूमर और कैंसर जैसी बीमारियों का इलाज पहले जैसा मुश्किल नहीं रह गया है। अब नई तकनीकों के जरिए इन बीमारियों का इलाज काफी आसान हुआ है। दिल्ली के इंद्रप्रस्थ अपोलो हॉस्पिटल में हर दिन इन तकनीकों का लाभ मरीज ले रहे हैं। यह कहना था इंद्रप्रस्थ अपोलो हॉस्पिटल्स के वरिष्ठ डॉक्टरों का।

पत्रकारों से चर्चा के दौरान इंद्रप्रस्थ अपोलो हॉस्पिटल्स के किडनी ट्रांसप्लांट यूनिट के वरिष्ठ सलाहकार डॉ. संदीप गुलरिया ने प्रत्यारोपण चिकित्सा में हाल की तकनीकी प्रगति और सर्जिकल विधियों पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि नए क्लिनिकल प्रोटोकॉल और सर्जिकल नवाचारों से मरीजों की दीर्घकालिक सेहत और अंग के कार्य करने की क्षमता में बड़ा सुधार आया है।

अपोलो के स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने अंग प्रत्यारोपण से लेकर कैंसर तक उपचार के बारे में नई जानकारियां और अपने अनुभव साझा किए।

वहीं कैंसर चिकित्सा विभाग के वरिष्ठ सलाहकार डॉ. दिपांजन पांडा ने कैंसर के इलाज में इम्यूनोथेरेपी और प्रिसीजन मेडिसिन की भूमिका पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि कैसे मरीज–केंद्रित इलाज योजनाओं से बेहतर नतीजे सामने आ रहे हैं।

इस अवसर पर इंद्रप्रस्थ अपोलो हॉस्पिटल्स के प्रबंध निदेशक शिवकुमार पट्टाभिरामन ने कहा, अपोलो हॉस्पिटल्स की कोशिश है कि बड़े शहरों तक सीमित आधुनिक चिकित्सा तकनीक और जानकारी अब छोटे और मझले शहरों के चिकित्सकों और मरीजों तक भी पहुंचे। ग्वालियर में यह आयोजन उसी दिशा में एक कदम है, ताकि क्षेत्रीय स्तर पर भी मरीजों को अंतरराष्ट्रीय मानकों वाली चिकित्सा सेवाएं मिल सकें।

ग्वालियर के चिकित्सकों के लिए भी यह कार्यक्रम आपसी संवाद और अनुभव साझा करने का एक सशक्त मंच बना।

## तहसीलदार रुचि अग्रवाल ने विद्यार्थियों को दिया मार्गदर्शन

**ग्वालियर 23 अगस्त.** नीट एवं जेईई परीक्षाओं की तैयारी करने के इच्छुक आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चों को जिला प्रशासन द्वारा निश्शुल्क कोचिंग की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। कोचिंग सेंटर में परीक्षा की तैयारी कर रहे युवाओं को वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी एवं विषय विशेषज्ञों द्वारा मार्गदर्शन देने का कार्य भी किया जा रहा है। जिला प्रशासन द्वारा विभिन्न परीक्षाओं की तैयारी के लिये प्रारंभ की गई निश्शुल्क कोचिंग में तहसीलदार श्रीमती रुचि अग्रवाल ने भी पहुँचकर कोचिंग ले रहे विद्यार्थियों को मार्गदर्शन प्रदान किया। तहसीलदार श्रीमति रूची अग्रवाल ने हड़प्पा सभ्यता के शोर्ट नोट्स बनाऐं, जैसे कृषि में कपास और धान, समुद्री व्यापार, मूर्ति पूजा, तकनीकी वैज्ञानिक ज्ञान, दशमलव प्रणाली आदि के बारे में संक्षेप में बताया। उन्होंने कहा कि प्रश्न लिखते समय स्पीड का भी ध्यान रखे।

# जीवन के लिए घातक हैं ब्रेन और स्पाईन के रोग

नवभारत न्यूज



**ग्वालियर, 23 अगस्त.** एचसीएमसीटी मणिपाल हॉस्पिटल ने ग्वालियर में यशोदा मल्टीस्पेशियल्टी हॉस्पिटल, मुरैना के सहयोग से विशेष ओपीडी सेवा शुरू की है। इस ओपीडी में हर

**एचसीएमसीटी मणिपाल हॉस्पिटल ने ग्वालियर में ओपीडी सेवा शुरू की**

माह के दूसरे बुधवार को दोपहर 12 बजे से 3 बजे के बीच डॉ. अनुराग सक्सेना, क्लस्टर हेड, दिल्ली एनसीआर, न्यूरोसर्जरी विभाग, एचसीएमसीटी मणिपाल हॉस्पिटल, नई दिल्ली बेन और स्पाईन से संबंधित समस्याओं के लिए परामर्श प्रदान करेंगे। यह ओपीडी सितंबर से यशोदा मल्टीस्पेशियल्टी हॉम्पिटल, मुरैना और ग्वालियर में शुरू होगी।

यह जानकारी आज डॉ अनुराग सक्सेना, क्लस्टर हेड, दिल्ली एनसीआर न्यूरोसर्जरी विभाग, एचसीएमसीटी मणिपाल हॉस्पिटल, नई दिल्ली ने पत्रकारों से बातचीत में दी ।इस अवसर पर मनिपाल हॉस्पिटल के डॉ नरेंद्र कुमार शर्मा भी उपस्थित थे। डॉ अनुराग सक्सेना ने कहा, च्ब्रेन और स्पाईन के रोग लगातार बढ़ रहे हैं।

ब्रेन ट्यूमर, एन्यूरिज्म, स्लिप्ड डिस्क और स्पाईनल स्टेनोसिस जैसी अनेक समस्याएं लोगों के जीवन पर असर डाल रही हैं। इन समस्याओं का समय पर इलाज न किया जाए, तो ये बढ़कर गंभीर रूप ले सकती हैं और जानलेवा बन सकती हैं। अच्छी बात यह है कि माईक्रो न्यूरोसर्जरी, मिनिमली इन्वेजिव ब्रेन सर्जरी और मिनिमली इन्वेज़िव स्पाईन सर्जरी जैसी आधुनिक टेक्नोलॉजी की मदद से इनका प्रभावशाली इलाज संभव है।

न्यूरोलॉजिकल और स्पाईन की समस्याओं पर आमतौर से तब तक ध्यान नहीं दिया जाता है, जब तक वो बढ़कर गंभीर रूप नहीं ले लेती हैं। इसलिए लोगों को इनके शुरुआती लक्षणों के प्रति सतर्क रहना चाहिए और जरा सा भी संशय होने पर तुरंत डॉक्टर को दिखाना चाहिए। ग्वालियर और मुरैना में इस नई ओपीडी के साथ हमारा उद्देश्य विशेषज्ञ डॉक्टरों का परामर्श और इलाज लोगों को उनके करीब ही उपलब्ध कराना है। इन नियमित ओपीडी द्वारा एचसीएमसीटी मणिपाल हॉस्पिटल, नई दिल्ली का उद्देश्य लोगों को बेहतरीन इलाज प्रदान करना तथा नियमित जाँच के प्रति जागरुक बनाना है।





COMBAT READY CREDIBLE COHESIVE AND FUTURE READY FORCE

Safeguarding National Maritime Interests - Anytime - Anywhere - Anyhow






JOIN AS SHORT SERVICE COMMISSION OFFICERS FOR VARIOUS ENTRIES
COURSE COMMENCING - JUNE 2026 (AT 26)

Online applications are invited from unmarried men & women candidates for grant of Short Service Commission in Executive, Education and Technical Branches at Indian Naval Academy (INA), Ezhimala, Kerala.

| Branch/Cadre | Vacancies* | Gender |
|---|---|---|
| Executive Branch {GS (X) / Hydro Cadre} | 57 (including 05 Hydro) | Men and Women (maximum of 06 Vacancies in GS (X) and 02 Vacancy in Hydro, for women) |
| Pilot | 24 | Men and Women (maximum of 03 vacancies for women) |
| Naval Air Operations Officer (Observers) | 20 | Men and Women (maximum of 03 vacancies for women) |
| Air Traffic Controller (ATC) | 20 | Men and Women |
| Logistics | 10 | Men and Women (maximum of 01 vacancy for women) |
| Naval Armament Inspectorate Cadre (NAIC) | 20 | Men and Women |
| Law | 02 | Men and Women |
| Education | 15 | Men and Women |
| Engineering Branch {General Service (GS)} | 36 | Men and Women (maximum of 05 vacancies for women) |
| Electrical Branch {General Service (GS)} | 40 | Men and Women (maximum of 06 vacancies for women) |
| Naval Constructor | 16 | Men and Women |
| **Total** | **260** | |


*These vacancies are tentative and may be changed depending on availability to training slots.

DATE OF OPENING - 09 AUG 2025 / LAST DATE FOR ONLINE APPLICATION - 01 SEP 2025

For eligibility criteria and details visit www.joinindiannavy.gov.in

Employment News Dated 16th August 2025





Scan this QR Code to Apply Online



CBC 10701/13/0012/2526


स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिये मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा सिटी सेंटर, ग्वालियर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., सिटी सेंटर से मुद्रित. संपादक हरीश दुबे* समाचार संपादक- अनिल शर्मा, फोन-0751-4086200, फैक्स- 2343200 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार डाक पंजीयन क्रमांक 507/2008/ग्वा. RNI Reg. No. 62237/95